राजकीय महाविद्यालय दिग्गल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

17.09.2025

आज दिनांक 17 सितम्बर 2025 को राजकीय महाविद्यालय दिग्गल में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के ईको क्लब**,** एन.सी.सी. **एवं** एन.एस.एस. इकाइयों के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हरप्रीत कौर के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने वक्तव्य में वृक्षारोपण को पर्यावरण संरक्षण, जीवन संतुलन और मानवीय सेवा से जोड़ा। उन्होंने इसे केवल औपचारिक आयोजन न मानकर भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बताया। कार्यक्रम को **'एक पेड़ मेरी माँ के नाम'** थीम से जोड़ते हुए उन्होंने मातृत्व और प्रकृति के गहरे संबंध पर बल दिया तथा विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस मुहिम को निजी जीवन में अपनाकर कम से कम एक पौधे का पालन-पोषण अवश्य करें। इसके पश्चात कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। ईको क्लब के 30 सदस्य, एन.सी.सी. के 45 कैडेट्स, तथा एन.एस.एस. के 50 स्वयंसेवक विद्यार्थियों सहित अन्य विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लिया। सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर के चारों ओर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके पश्चात परदेसी, जामुन, अर्जुन, बहेड़ा, नीम, देवदार, मोरपंखी आदि विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम के अंतर्गत हर्बल गार्डन और वेजिटेबल गार्डन की क्यारियों की भी सफाई की गई तथा उसमें तुलसी, पुदीना, नीम जैसे औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की ईको क्लब की अध्यक्ष डॉ. सुनीता शर्मा**,** एन.सी.सी. इकाई के अध्यक्ष डॉ. नरेश कुमार**,** तथा एन.एस.एस. इकाई के अध्यक्ष प्रो. राहुल के नेतृत्व में हुआ।इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण डॉ. हेतराम, डॉ. सुदर्शना शर्मा, प्रो. ममता शर्मा, डॉ. मिलनप्रीत, प्रो. रीनू शर्मा, श्रीमती अंजना देवी तथा श्री सीताराम कौशल भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने भी पौधारोपण में सक्रिय भूमिका निभाई। यह आयोजन न केवल एक पर्यावरणीय प्रयास था, बल्कि यह विद्यार्थियों के भीतर प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भाव का संचार करने वाला एक सार्थक प्रयास भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी विद्यार्थियों को जलपान प्रदान किया गया।